एक नजर में

## चैकिंग में पकड़ाई बिना नंबर की तीन बाइक



**महिदपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा जिला उज्जैन द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान बिना नम्बर के वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। जिस पर अति.पुलिस अधीक्षक करणदीप सिंह, एसडीओपी ज़ेडेन लिंगज़ेया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अशोक पाटीदार व पुलिस टीम महिदपुर द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान बिना नम्बर प्लेट वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई और नम्बर डलवाये गए। थाना महिदपुर पुलिस टीम ने वाहन चैकिंग के दौरान तीन वाहन चालक जिन्होंने नम्बर प्लेट पर नम्बर की जगह जनता में रौब दिखाने के उद्देश्य से अपनी जाति लिखी थी। उक्त वाहन चालकों के दस्तावेज चैक कर वाहन चालकों की नम्बर प्लेट विधिवत नहीं पाई जाने से चालानी कार्रवाई की गई तथा जाति के स्टीकर हटवाकर नम्बर लिखवाये गए। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक पाटीदार, एनएस कनेश, सुखसेन अरियाम, विनोद ठाकुर,आरक्षक राघव, संजयसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कलश–कावड यात्रा आज

**घट्टिया।** पवित्र सावन माह में रविवार 9 अगस्त को बाबा महाकाल की भक्तिमय कलश–कावड यात्रा स्थानीय मनकामनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से प्रात 9 बजे निकलेगी। यात्रा में महिलाएं पवित्र जल का कलश सिर पर रखकर यात्रा में निकलेंगी वही युवा व पुरुष कांवड़ में जल लेकर निकलेंगे।

## जहां से शुरू की सेवा, वहीं से हुए सेवानिवृत्त



**बड़नगर।** एक आदर्श शिक्षक बिरले ही मिलते हैं, और ऐसे ही एक प्रेरणादायक शिक्षक हैं सत्यनारायण जायसवाल। जिन्होंने अपना पूरा जीवन विद्यार्थियों और ग्रामवासियों के उत्कृष्ट भविष्य निर्माण में समर्पित कर दिया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी, सरल और सहज व्यक्तित्व वाले जायसवाल शासकीय सेवा में 37 वर्ष 8 माह का समय व्यतीत करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवाकाल की विशेष बात यह रही कि जिस स्थान से उन्होंने अपनी सेवा शुरू की थी, वहीं से वे सेवानिवृत्त हुए। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने 6 वर्ष शासकीय प्राथमिक विद्यालय नावदा, 30 वर्ष प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय बड़गारा और अंत में 1 वर्ष 8 माह पुनः शासकीय प्राथमिक विद्यालय नावदा में अपनी सेवाएं दीं। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर ग्राम नावदा एवं बड़गारा के समस्त स्टाफ द्वारा एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच संतोष पाटीदार, सरपंच प्रतिनिधि महेन्द्रसिंह राठौर, जनप्रतिनिधि जुझारसिंह राठौर, विकास खण्ड बड़नगर के बीआरसी वीरेन्द्रसिंह राठौर, गेहलोद साहब सहित संकुल लोहाना के समस्त जनशिक्षक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे। समारोह के दौरान अतिथियों और विद्यालय परिवार द्वारा जायसवाल को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम के अंत में मुकेश नागर और रामप्रसाद पाटीदार ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## प्री–नेशनल निशानेबाजी में शानदार प्रदर्शन



**उज्जैन।** भोपाल में 4 से 7 अगस्त तक आयोजित 13वीं प्री–नेशनल स्तर की 12 बोर शॉटगन निशानेबाजी चैंपियनशिप में उज्जैन जिले के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने अलग–अलग वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए तथा राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। उज्जैन जिले के इन निशानेबाजों ने वीर राइफल शूटिंग सोसाइटी, इंदौर से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में सीनियर मेन कैटेगरी में इंद्रविक्रम सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। जाहिद अली बंदूकवाला ने मास्टर केटेगरी में उत्कर्ष प्रदर्शन किया एवं वीरहंस शर्मा ने यूथ कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी वर्ग में रुद्रप्रताप सिंह राठौर, एडवोकेट हरपाल सिंह (नागझिरी) तथा कीर्तिराज सिंह चौहान (पिपलिया हामा) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया और अपने स्थान सुनिश्चित किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उनके गुरु एवं प्रशिक्षक सतीश शर्मा तथा गुरु हनुमंत सिंह लालगढ़ ने सभी निशानेबाजों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए और अधिक कड़ा अभ्यास करने की सलाह दी। उज्जैन के निशानेबाजों की इस सफलता से खेल जगत में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।



## सरहद के प्रहरियों को मेरी संवेदना ने भेजी राखियां

**उज्जैन।** देश की सीमाओं पर मुस्तैदी से तैनात वीर जवानों की रक्षा की कामना के साथ मेरी संवेदना सोशल वेलफेयर सोसायटी ने रक्षाबंधन पर्व के लिए राखियां भेजी हैं। संस्था पिछले छह वर्षों से सरहद पर तैनात जवानों के लिए यह पुनीत कार्य कर रही है। इस वर्ष भी समाजसेविका ममता सांगते को संस्था की ओर से राखियां सौंपी गईं। वे अपनी टीम के साथ राजौरी से लेकर कारगिल तक तैनात सैनिकों की कलाई पर यह रक्षा सूत्र बांधेंगी। राखियों के साथ जवानों का मुंह मीठा कराने के लिए भगवान श्री महाकालेश्वर का प्रसादी लड्डू भी विशेष रूप से भेजा गया है। ममता सांगते व उनकी टीम बॉर्डर पर पहुंचकर जवानों को राखी बांधने के साथ ही बाबा महाकाल का आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद भेंट करेंगी। संस्था सचिव आभा बांठिया ने बताया कि रक्षा सूत्र सौंपने के अवसर पर संस्था अध्यक्ष मनीषा सुराणा, संतोष सोडानी, राजकुमारी माहेश्वरी, समीक्षा व्यास, पिंकी जैन, अंजना शुक्ला, पुष्पा चौरसिया, सीता शर्मा, अंगूरबाला सकलेचा, तिस्ता सुराणा, तरुणा जोशी,

# छह वर्ष से बंद पड़ा परचूरे भवन अब जर्जर घोषित

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के सामने स्थित मकान नंबर 168, जिसे परचुरे भवन के नाम से जाना जाता है, पिछले छह साल से बंद पड़ा है। अब नगर निगम ने इसे जर्जर भवन घोषित करते हुए मकान पर नोटिस और फ्लेक्स चस्पा कर दिया है। मकान मालिक को भी नोटिस दिया गया है। लंबे समय से अदालत में चल रहे विवाद के कारण यह भवन अब केवल जमीन के अधिकार का मामला नहीं रह गया है, बल्कि महाकाल मंदिर क्षेत्र के विकास, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सिंहस्थ 2028 की तैयारियों से भी सीधे जुड़ गया है।

मकान की स्थिति जर्जर होने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। महाकाल मंदिर के सामने होने के कारण यहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु, दुकानदार और स्थानीय लोग पहुंचते हैं। ऐसे में बारिश, तेज हवा या किसी अन्य कारण से भवन का हिस्सा गिरता है तो जान–माल के नुकसान की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। नगर निगम की ओर से जर्जर भवन का बोर्ड लगाए जाने और आसपास बिखरा मलबा हटाए जाने के बाद प्रशासनिक हलचल भी तेज हुई है।

**शाही सवारी से पहले समाधान की चुनौती**–महाकाल की शाही सवारी सामने है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस भवन के मामले का समाधान शाही सवारी से पहले निकाल पाएगा। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो कम से कम सिंहस्थ 2028 के बड़े निर्माण कार्य शुरू होने से पहले इस भवन का समाधान करना जरूरी होगा। कारण यह है कि महाकाल मंदिर के आसपास प्रस्तावित कई विकास कार्य इसी स्थान के कारण प्रभावित हो रहे हैं।

**दो टनल का काम भी इसी से जुड़ा**–मामला केवल सड़क और भवन हटाने तक सीमित नहीं है। मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए दो टनल का निर्माण किया जा रहा है। योजना के अनुसार श्रद्धालु टनल के रास्ते अंदर की ओर जाकर मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे। परचुरे भवन के कारण इस क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों में रुकावट बनी हुई है। ऐसे में सिंहस्थ 2028 तक समय पर निर्माण पूरा करना है तो इस जमीन का समाधान जल्द निकालना प्रशासन के लिए जरूरी होगा।



> **इस मकान के चक्कर में रुके काम**
>
> महाकाल मंदिर क्षेत्र के विस्तार में जिला प्रशासन, नगर निगम, महाकाल मंदिर समिति, स्मार्ट सिटी और उज्जैन विकास प्राधिकरण से जुड़े कई काम प्रस्तावित हैं। मंदिर के आसपास सड़क विस्तार, गार्डन, लैंडस्केपिंग, लॉन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े कार्य किए जाने हैं। इसी क्रम में नीचे नया वेटिंग रूम भी बनाया जाना है। इन योजनाओं के लिए जमीन उपलब्ध होना जरूरी है।

**11 में से 10 मकान हटे, बस यह अटका**–महाकाल मंदिर के सामने विस्तार मार्ग पर मौजूद 11 मकानों में से केवल परचुरे परिवार का मकान अब शेष है। इस मकान का क्षेत्रफल करीब 1500 वर्गफीट है। जुलाई 2021 में तत्कालीन उज्जैन कलेक्टर आशीष सिंह की ओर से इन मकानों के अधिग्रहण और हटाने के आदेश दिए गए थे। प्रशासन की ओर से गृह स्वामियों को धारा–11 के तहत नोटिस जारी किए गए थे और मकान खाली करने के लिए कहा गया था।

**30 जुलाई 21 को अवार्ड**–परचूरे भवन समेत अन्य 10 मकानो के मद्देनजर 30 जुलाई 2021 को अवार्ड पारित होने के बाद 23 नवंबर 2021 को विस्तारीकरण मार्ग पर मौजूद सभी मकानों को हटाने के आदेश जारी किए गए थे। इसके अगले ही दिन 24 नवंबर 2021 को परचुरे परिवार ने न्यायालय से स्थगन की मांग की। परिवार की ओर से इंदौर हाईकोर्ट में रिट याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी 24629/2021 दायर की गई, जिसमें उन्हें स्टे मिला, अब तक यह मसला कोर्ट में ही चल रहा है.

## वर्धमान हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर

**खाचरौद। विद्यालय परिसर में छात्र परिषद के नव–निर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में शपथग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रथम जिला न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा, विशिष्ट अतिथि शेफाली सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, निर्मला पटेल न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी, अधिवक्ता मनीष शर्मा, विद्यालय प्रबंधक बालेश बुपक्या, श्रीयक कांकरिया, श्रुति बुपक्या प्राचार्य येशा भंसाली विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।**




समारोह में विद्यालय के नव–निर्वाचित स्कूल कैप्टन तनिष्क माहेश्वरी एवं जागृति पटेल, हाउस कैप्टन, हाउस वाइस कैप्टन तथा स्पोर्ट्स कैप्टन, कल्चर कैप्टन,छात्र परिषद सदस्यों को बैज एवं शपथ दिलाकर उनके दायित्वों का औपचारिक रूप से निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया गया। सभी छात्र प्रतिनिधियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का अयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा के साथ कानूनी ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं को भारतीय संविधान, दैनिक जीवन में उपयोगी कानूनों, पोक्सो एक्ट, लेंगिक अपराधों से संबंधित विभिन्न जानकारियां एवं समाचारों पत्रों की मौलिकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संचालन तरुण कदम ने किया। आभार प्रदर्शन राजकुमार सेजवार ने किया।

## भारतीय जनता पार्टी की मासिक बैठक संपन्न

**महिदपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक सिविल अस्पताल रोड स्थित रेस्ट हाउस पर आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद नगर पालिका में नवनियुक्त एल्डरमैन कमल राठी, नूतन मिश्रा और राधेश्याम नरवरिया का संगठन के पदाधिकारी ने स्वागत सम्मान किया। बैठक में सभी को भाजपा के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही शहर में तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर चर्चा भी की गई। सभी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री पारस चंद्र जैन के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी। बैठक का संचालन महामंत्री दिनेश ग्रोवर ने किया। आभार महामंत्री निलेश सोलंकी ने माना। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष सतीश यादव, निर्भय सिंह भाटी, शरद परमार, श्रीपाल राठी, नंदलाल सतीजा, सरपंच राकेश आंजना, पार्षद जगदीश राठौर, आशा राठौर, सोनू परमार, कौशल मल्होत्रा, संतोष मालवीय, अर्जुन शर्मा, सोनू योगी, अभय दावरे, हेमंत रावल, प्रहलाददास बैरागी, गौरव ठाकुर, सोनू बैरागी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारत भारती का प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर आज

**उज्जैन।** राष्ट्रीय एकता को समर्पित संस्था भारत भारती का प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर रविवार 9 अगस्त को प्रात: 9 बजे से होटल सुराणा में आयोजित किया जाएगा। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय पत्राले उपस्थित रहेंगे और सदस्यों का मार्गदर्शन करेंगे। संस्था की सचिव डॉ. पांखुरी वक्त ने बताया कि शिविर में सारस्वत अतिथि चार धाम पीठाधीश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद होंगे। वहीं, प्रमुख अतिथि के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सिंहस्थ प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर नातू उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के तौर पर नैक के चेयरमैन डॉ. नागेश्वर राव, डॉ. आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलगुरु डॉ. प्रकाश बरतूनिया और सम्राट विक्रमादित्य विवि हिन्दी अध्ययनशाला के पूर्व अध्यक्ष आचार्य प्रो. हरिमोहन बुधौलिया शिरकत करेंगे।

> **ये देंगे प्रशिक्षण**
>
> प्रशिक्षण सत्र में भारत भारती की प्रदेश संयोजक डॉ. प्रवीणा दवेसर, दत्तात्रय सालुंके, शैलेश लेले, उषा शर्मा, शिरीष घुडे, संगीता पाटकर, अर्चना कुलश्रेष्ठ, डॉ. पूर्वा दीक्षित, डॉ. भारती पुजारी और डॉ. हरीशकुमार सिंह द्वारा सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

**कई शहरों से शामिल होंगे सदस्य**–इस प्रांतीय शिविर में भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, देवास, रतलाम और उज्जैन सहित विभिन्न शहरों के पदाधिकारी व सदस्य शामिल होंगे।



## बिजली तार चोरी का 12 घंटे में पर्दाफाश

**महिदपुर।** थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने चोरी के बढ़ते अपराधों को लेकर सक्रियता दिखाते हुए एक टीम तैयार की। जिसमें कार्रवाई करते हुए तार चोरी के मामले में बदमाशों को दबोचा और उनसे चोरी गया मश्रुका बरामद किया गया। 7अगस्त को फरियादी अजय कुमार पिता उदयभानसिंह राही उम्र 36 साल निवासी उत्तमपुरा थाना स्टेशन रोड मुरैना हाल मुकाम एम.पी.ई.बी. महिदपुर ने थाने पर रिपोर्ट किया कि 9 अगस्त की रात्रि में ट्रान्सपोर्ट नगर महिदपुर से एल्युमिनियम का 33 केवी तार करीब 200 मीटर कीमत करीब 90,000 रुपये को चुरा कर ले गये है। रिपोर्ट पर से थाना महिदपुर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी गण विनोद पिता लालुजी उम्र 30 साल निवासी टाण्डा, जितेन्द्र पिता रमेश जाति उम्र 30 साल निवासी, समीर पिता मोहम्मद गनी उम्र 26 साल निवासी महिदपुर को गिरफ्तार कर चोरी गया सम्पूर्ण मश्रुका जप्त किया गया। आरोपी गण को न्यायालय महिदपुर पेश किया गया। वहीं अपराध में शामिल 2 आरोपी की गिरफ्तारी शेष है।

## विद्या वही, जो कष्टों से दिलाए मुक्ति : संतश्री रामनिवास

**बड़नगर।** विद्यार्थियों को आयु का पहला भाग ऐसा सुदृढ़ कर लेना चाहिए कि वृद्धावस्था सुखपूर्वक व्यतीत हो, क्योंकि नींव मजबूत होगी तभी भवन मजबूत होगा। उक्त विचार सन्त रामनिवास गुणग्राहक भरतपुर, राजस्थान ने भैया–बहिनों के शैक्षणिक उन्नयन के लिए आयोजित विचार गोष्ठी के अवसर पर स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि के केशव माधव सभा गृह में व्यक्त किये।






आपने कहा कि विद्या वाही है जो मुक्त करे सा विद्या या विमुक्तये साथ ही आपने गायत्री मंत्र का महत्व व विद्यार्थी जीवन में ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्राचीन काल के आश्रमों में गायत्री मन्त्र अनिवार्य था। जिससे विद्यार्थी ज्ञानवन विचारशील बनते थे। साथ ही आपने गुरुकुल परंपरा की शिक्षा, विद्यार्थी के लक्षण एवं आश्रम व्यवस्था पर भी सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान मंच पर अभिभाषक सतीशचन्द्र ओझा महिला एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक गोधा, संस्था सचिव आशीष शुक्ला, प्राचार्य देवन्द्र प्रसाद शर्मा उपस्थित थे। सरस्वती वन्दना वीरेन्द्र शर्मा। मंचासीन संत रामनिवास गुणग्राहक का स्वागत समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गोधा, संस्था सचिव आशीष शुक्ला ने शाल श्रीफल दुपट्टा भेंट कर किया। अतिथि परिचय विद्यालय के उपप्राचार्य हिम्मतसिंह सिसौदिया, संचालन एवं आभार पाली प्रमुख अनिल चौहान ने किया। जानकारी आचार्य योगेश जोशी ने प्रदान की।

## अनुसूचित जाति आयोग सदस्य ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग भोपाल के सदस्य रामलाल मालवीय ने शासकीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत उज्जैन पहुंचे। विश्राम भवन में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद जिला पंचायत सभागार में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के विकास हेतु संचालित शासकीय योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई।



इस दौरान मालवीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। हितग्राहियों की शिकायतों का यथासंभव विभागीय स्तर पर ही त्वरित निराकरण किया जाए, जिससे आयोग तक शिकायतें कम से कम पहुंचें। समीक्षा बैठक के दौरान कई विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर श्री मालवीय ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

बैठक के समापन के बाद श्री मालवीय ने अनुसूचित जाति विभाग द्वारा संचालित उत्कृष्ट कन्या छात्रावास, दशहरा मैदान, उज्जैन तथा जूनियर बालक छात्रावास, सकरवासा (ताजपुर) का निरीक्षण किया। छात्रावासों में उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों की सराहना की।

## बड़नगर बंदर बेला में स्थित योगा एकेडमी स्कूल में छात्र की पिटाई से हड़कंप

**बड़नगर।** बड़नगर के ग्राम बंदर बेला स्थित योगा एकेडमी स्कूल में होमवर्क न करने पर 10वीं के छात्र नरेंद्र परमार के साथ स्कूल के प्रिंसिपल–शिक्षक भूपेंद्र राठौर ने की बेरहमी से मारपीट। छात्र की पीठ पर चोट के निशान। परिजनों ने भाटपचलाना थाने में शिकायती आवेदन दिया। शिक्षा विभाग सख्त बीईओ ने योगा एकेडमी स्कूल की जांच के आदेश दिए, दोषी पाए जाने पर मान्यता रद्द करने तक की कार्रवाई की बात। कानून आरटीई 2009 धारा 17(1) में स्कूल में शारीरिक दंड अपराध। बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम 2005 में बच्चों से क्रूरता दंडनीय। पुलिस कार्रवाई जांच के बाद आरोपी शिक्षक–प्रिंसिपल की गिरफ्तारी, स्कूल प्रबंधन पर भी कार्रवाई होगी।



## ससुराल वालों ने दिया बहू को जहर, मौत

**महिदपुर।** थाना महिदपुर में एक भाई दहेज प्रताड़ना को लेकर एक आवेदन दिया। जिसमें उसकी बहन को प्रताड़ना देकर जहर दे दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं दहेज में नगद राशि के साथ कार की भी मांग की गई थी। जिसको लेकर कार्रवाई की मांग की गई।



रतलाम जिले के लोध निवासी लोकेन्द्र सिंह राजपूत ने एसडीओपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बहन रानूकुंवर राजूपत की शादी 30 नवंबर 2025 को राजपालसिंह पिता टीकम सिंह निवासी बावलिया तहसील महिदपुर से हुई थी। बहन को शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। जबकि परिवार वालों ने बहन को पांच लाख रुपए नगद, एक बाइक को सोने के आभूषण आदि दिए थे। फिर ससुर और पति 3 लाख रुपए और मांग रहे थे। मेरी बहन ने बताया था कि इनकी मांग पूरी कर दें अन्यथा यह लोग मुझे मार देंगे। इस संबंध में भाई लोकेंद्र ने बताया कि मेरी बहन को मैंने 40 फोन लगाए थे।

एक नजर

सम्पूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत की परिक्रमा कर लेंगे धर्मलाभ

## 12 अगस्त को नारायणा धाम से निकलेगी 16 किमी लंबी परिक्रमा यात्रा

**उज्जैन।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हरियाली अमावस्या के अवसर पर 12 अगस्त 2026, बुधवार को स्वर्णगिरी पर्वत स्थित नारायणा धाम से सम्पूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में रूपरेखा तय की गई। परिक्रमा प्रात: 9 बजे नारायणा धाम से प्रारंभ होकर पार्वती धाम पहुंचेगी, जहां जलाभिषेक किया जाएगा।



कृष्ण सुदामा उत्सव समिति के केशर सिंह पटेल व डॉ. मोहन शर्मा ने बताया कि पवित्र नदियों और सप्त सागर के जल से श्रीकृष्ण और सुदामा के चरण पूजन के साथ यात्रा का शुभारंभ होगा। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया जाएगा। केशर सिंह पटेल ने बताया कि नारायणा धाम के उत्तर दिशा में स्थित स्वर्णगिरी पर्वत का वर्णन श्रीमद्भागवत गीता सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों में भी मिलता है। मान्यता है कि गुरु सांदीपनि और गुरु मां की आज्ञा से श्रीकृष्ण और सुदामा लकड़ियां लेने यहीं आए थे और रात्रि विश्राम भी किया था।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

आयोजन को लेकर हुई बैठक में केशर सिंह पटेल, गोपीलाल आंजना, संजय आंजना, एडवोकेट अंतर सिंह आंजना, पुजारी प्रेमनारायण शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, अर्जुन शर्मा, आत्माराम शर्मा, दौलतराम शर्मा, कमल आंजना, डॉ. मोहन शर्मा, सरपंच भगवान सिंह नारायणा, सरपंच अमृत लाल देपन बालोदा, भेरू सिंह आंजना, दयाराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी धर्मालुजनों से इस यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।